# चित्रकूट-पुलिस

(1).

“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5”

“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve

Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पहाड़ी के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस टीम ने छेड़खानी कर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने से लोक लज्जा के डर से नाबालिक बालिका द्वारा आत्महत्या करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
अभियुक्त का नाम पता का विवरण-
नीरज पुत्र रामेश्वर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट
संक्षिप्त विवरण-
उल्लेखनीय है कि थाना पहाड़ी के एक वादी द्वारा थाना पर सूचना दी कि अभियुक्त नीरज पुत्र रामेश्वर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा उनकी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी कर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी जिससे लोक लज्जा के डर से नाबालिक पुत्री ने आत्महत्या कर ली। इस सूचना पर थाना पहाड़ी में मु0अ0सं0 176/25 धारा 74,108,351(3),352 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया।
पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थानाध्यक्ष पहाड़ी को अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
आज दिनाँक 08.11.025 को उ0नि0 व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त नीरज पुत्र रामेश्वर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को अशोह मोड़ के पास तिराहे से गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1. उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह थाना पहाड़ी
2. आरक्षी नवीन कुमार

(3). आज दिनाँक 08.11.2025 को शासन की मनसा अनुरूप जन समस्याओं को त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना राजापुर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें साथ ही कहा कि जमीन सम्बन्धित समस्या को पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराया जाए।
समाधान दिवस प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री लाखन सिंह,पीआरओ श्री कौशल सिंह उपस्थित रहें।

(4). वाराणसी में आज वंदे भारत ट्रेन का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री जी तथा माननीय रेल मंत्री जी भारत सरकार द्वारा किया गया जो तीर्थ नगरी चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन कर्वी पहुंची जिसको जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, पूर्व सांसद श्री आर के सिंह पटेल, पूर्व सांसद श्री भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री श्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री महेंद्र कोटार्य, अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक बांदा/ चित्रकूट श्री पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी श्री नरेन्द्र गुप्ता, प्रधान मुख्य अभियंता रेलवे श्री जेसी चौरसिया, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना उपाध्याय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश खरे आदि लोगों ने स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना किया गया।

पूर्व सांसद श्री आर के सिंह पटेल ने कहा कि भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट के ऐतिहासिक स्टेशन प्लेटफार्म कर्वी पर बंदे भारत ट्रेन का आज शुभारंभ हुआ मैं सभी का स्वागत करता हूं माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय रेल मंत्री जी सहित पूरी टीम को भी हार्दिक बधाई देता हूं हम माननीय प्रधानमंत्री जी के तथा माननीय रेल मंत्री जी के आभारी हैं कि इस जनपद चित्रकूट तथा बुंदेलखंड के पिछले क्षेत्र पर यह बंदे भारत ट्रेन शुरू करा कर यहां की गति को तेज किया है यह बंदे भारत ट्रेन बनारस से खजुराहो तक शुरू की गई है जो धार्मिक स्थल काशी विंध्याचल प्रयागराज चित्रकूट होते हुए चंदेल कालीन स्थल तक जाएगी रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य भी चल रहा है जब पूरा हो जाएगा तो दूसरी भी वंदे भारत ट्रेन मिलेगी पहले भी माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय रेल मंत्री जी के नेतृत्व में कई ट्रेनें चित्रकूट से होकर चलाई गई है माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत सरकार जो कार्य कर रही है यह पहले 75 वर्ष में कभी कार्य नहीं हुए हैं, माननीय प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने जा रहा है लोगों को जगा कर विकसित भारत के साथ जोड़ा जा रहा है।

जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग ने कहा कि आज बनारस से वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ हुआ है मेरे लिए सौभाग्य की बात यह है की एक सप्ताह पूर्व मेरे द्वारा तीर्थ क्षेत्र वाराणसी  से भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट में कार्य करने का मुझे मौका मिला इस वंदे भारत ट्रेन के चलने से तीर्थ नगरी चित्रकूट में पर्यटकों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि ट्रेन तीर्थ नगरी वाराणसी से चलकर खजुराहो तक जाएगी इससे पर्यटकों का आवागमन अधिक होगा।

इसके पूर्व विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए उन छात्राओं को सभी अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कर्वी रेलवे स्टेशन पर बंदे भारत ट्रेन के स्वागत के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के श्री राम सागर चतुर्वेदी,पीआरओ श्री कौशल सिंह, श्री राजकुमार त्रिपाठी, श्री शक्ति प्रताप सिंह तोमर, श्री शिवाकांत पांडेय, श्री रवि गुप्ता, श्री विकास मिश्रा, श्री अश्वनी कुमार अवस्थी, स्टेशन मास्टर कर्वी श्री सुरेश कुमार सहित अन्य जन प्रतिनिधि, रेलवे कर्मचारी अधिकारी एवं आम जनमानस मौजूद रहा।